कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कृषि अनुसंधान भवन-I, पूसा, नई दिल्ली 110 012
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD
(INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH)
Krishi Anusandhan Bhavan-I, Pusa, New Delhi-110012

मि.सं. - 9(3)/2016-परीक्षा -I  दिनांक 8 अगस्त, 2016

# नोटिस

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों में तकनीशियन (टी-1) के पदों पर भर्ती हेतु सामूहिक लिखित परीक्षा के आयोजन का दायित्व सौंपा गया है।

उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाता है कि सामूहिक लिखित परीक्षा दिनांक **4 सितम्बर, 2016 (रविवार) प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 27 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी।**

इन अनुसंधान संस्थानों द्वारा विभिन्न तारीखों पर अलग-अलग दिए गए विज्ञापनों की प्रति उत्तर में कुछ उम्मीदवारों ने एक से अधिक संस्थानों के पदों के लिए आवेदन किया। उक्त उम्मीदवारों को उन सभी संस्थानों से परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र प्राप्त होंगे जिनमें उन्होंने आवेदन किया हैं। वे अपनी इच्छानुसार किसी भी एक संस्थान/केन्द्र में परीक्षा हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

यह सूचित किया जाता है कि तकनीशियन (टी-1) के सभी पद संस्थान/क्षेत्र विशेष के लिए हैं और अंतिम परिणाम सूची संस्थान-वार तैयार कीजायेगी। अतः वे सभी उम्मीदवार जिन्होने एक से अधिक संस्थानों में आवदेन किए है अपनी प्राथमिकता क्रम में उन सभी संस्थानों के लिए जिनमें उन्होंने आवेदन किया हैं, अपना विकल्प भरकर केन्द्र पर्यवेक्षक को परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र छोड़ने के पूर्व प्रस्तुत करना होगा। इस प्रकार के उम्मीदवारों को उनकी वरियता के अनुसार दिए गए संस्थानों में उनके मैरिट के आधार पर विचार किया जाएगा।

परीक्षा निरीक्षकों / केन्द्र पर्यवेक्षकों को अलग से निर्देश दिया गया है कि इस प्रकार के उम्मीदवारों से परीक्षा के ही दिन विकल्प प्राप्त करें। यदि कोई उम्मीदवार अपनी वरीयता का विकल्प केन्द्र पर्यवेक्षक को परीक्षा के दिन देने में असफल रहता है तो उन्हें केवल उस संस्थान के लिए विचार किया जाएगा जहां वे परीक्षा के लिए उपस्थित हुए है।

इस परीक्षा में भाग लेने वाले संस्थानों का नाम, समन्वयक संस्थान सहित सभी परीक्षा केन्द्रों का नाम , परीक्षार्थी द्वारा दिए जाने वाले प्राथमिकता के विकल्प का प्रोफोर्मा भा. कृ.अनु. प. / कृ. वै. च. म. के वेबसाइट -www.icar.org.in/www.asrb.org.in पर देखे जा सकते हैं , तथा इससे डाउनलोड भी किया जा सकता है।

(के. एन. चौधरी)
उप सचिव (परीक्षा)